**JAIN COLLEGE, J. C Road, Bangalore**
**Mock Paper, January - 2020**
I PUC – HINDI (03)

समय: 3:15 मिनट कुल अंक:100

**सूचना:** १. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपी में लिखना अनिवार्य है।
२. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

१. जो अपने आप में विश्वास नहीं करता वह क्या है ?
२. निन्दा,निन्दा करनेवालों के लिए क्या होती है ?
३. महादेवी वर्मा को किसकी पत्तियाँ चुभ रही थी ?
४. रामजी सुबेदार किस गाँव में सैनिक थे ?
५. बदरी नारायण मंदिर कितने फुट की ऊँचाई पर है ?
६. "राष्ट्र के स्वरूप" पाठ के लेखक कौन है ?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x3=9**

७. आनंदी बिगडता हुआ काम कैसे बना लेती है ?
८. महादेवी वर्मा को बिन्दा की याद क्यों आ गई ?
९. अंबेडकर जी के बाल्य जीवन का परिचय दीजिए ।
१०. बदरीनाथ की घाटी का चित्रण कीजिए ।
११. थर्ड डिविजनरों की व्यथा को प्रकट कीजिए ।

**II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने–किससे कहा?** **4x1=4**

१२. "बुद्दिमान लोग मूर्खों की बात पर ध्यान नहीं देते "।
१३. "वह रही मेरी अम्मा" ।
१४. "कहिए, दिल जम गया या बच गया "।
१५. ये लोग हम लोगों का हक मार रहे हैं ।

**आ) निम्नलिखित सभी का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **4x3=12**

१६." यह याद रखो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो "।
१७. निन्दा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है ।
१८. जम कैसे सकता था, हमने वहाँ पानी लगने ही नहीं दिया ।
१९. जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना ।

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

२०. बिना तेज के पुरूष की अवस्था कैसी होती है ?
२१. पारस से क्या दूर होता है ?
२२. गायिका क्या कह गयी ?
२३. वीर किससे हाथ मिलाता है ?
२४. नारी किसके समान सहनशील होती है ?
२५. कवि अपने मित्र से कहता है ?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **4x3=12**

२६. गोपी क्या - क्या स्वाँग भरती है ?

२७. कवियित्री ने जीवन के संबंध में क्या कहा है ?

२८. "मत घबराना " कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।

२९. नारी किस प्रकार से स्रष्टि का श्रृंगार है ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **4x4=16**

३०. भज मन चरण कंवल अविनासी ॥ टेक ॥
जेताइ दीसां धरनि गगन मां ते ताई उठि जासी।
तीरथ बरतां ग्यान कथन्ता कहा लयां करवत बासी ।
या देही रो गरब ना करना माटी मा मिल जासी।
यों संसार चहर री बाजी साँझ पड्या उठ जासी ।

**अथवा**

कहते हैं कनक माया है, कनक माया नहीं
कहते हैं कामिनी माया है, कामिनी माया नहीं
कहते है माटी माया है, माटी माया नहीं
मन के आगे जो चाह है, वही माया है, गुहेश्वर ।

३१. मैं ने सदा किया है सबसे,
मधुर प्रेम का ही व्यवहार ।
विनिमय में पाया सदैव ही,
कोमल अन्स्ततल का प्यार॥

**अथवा**

जब-जब जग ने कर फैलाये
मैं ने कोष लुटाया,
रंक हुआ मैं निज निधि खोकर,
जगती ने क्या पाया ?

**IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

३२. बालक का नाम क्या है ?

३३. पाँच वर्ष में युवक की कितनी पत्नियाँ मर गई ?

३४. प्रभा का भाई वीरजी के घर क्या देने आया था ?

३५. भीख माँगना किसी भी व्यक्ति के लिए क्या है ?

३६. सिलिया किस दौड में प्रथम आई थी ?

३७. किसकी शादी तय हो गई थी ?

**आ) निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **6x3=18**

३८. शराबी के जीवन में मधुवा के आने के बाद क्या परिवर्तन आया ?

३९. श्मशान ने आह भरकर पहाडी से क्या कहा ?

४०. वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

४१. चंद्रप्रकाश का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

४२. सिलिया ने अपने संकल्प को किस प्रकार साकार किया ?

४३. रामचंद्र का परिचय दीजिए ४३. मुंशी चंद्रिका प्रसाद की लाचारी का वर्णन कीजिए।

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **5x1=5**

४४.क. आपका बाप-दादा विद्वान था ।

ख. सारे देशभर में यह बात फैल गयी ।

ग. वहाँ घमासान की लडाई हो रही है ।

घ. आज हवा जोडो से बह रही है ।

ड) वह पागल आदमी हो गया ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए:** **5x1=5**

**(का, में, के,पर, की)**

क. उसके सीने ______ दर्द उठने लगता है ।

ख) इसके साथ ही जोरों ____ पसीना छूटने लगता है ।

ग) मितली _____ शिकायत भी हो सकती है ।

घ) पास __ डाक्टर बुला भेजें ।

ड) किताब को मेज ____ रख दो ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **4x1=4**

| | |
|---|---|
| **४६)** १. रंग उडना | भयभीत हो जाना |
| २. रंग में भंग पडना | प्रभाव दिखना |
| ३. रंग लाना | निराश हो जाना |
| ४. रोंगटे खडे होना | खुशी में बाधा पडना |

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3x1=3**

**४७)** क. हम प्रतिदिन सबेरे तीन बजे उठते थे। (वर्तमान काल में बदलिए)

ख. श्याम काम करता है । (भूतकाल में बदलिए)

ग. नेताजी ने भाषण दिया । (भविष्यत काल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए:** **2x1=2**

**४८)** १. गोप २. हरिण

**ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए:** **2x1=2**

**४९)** १. भैंस २. उल्काएँ

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए:** **2x1=2**

**५०)** १. किनारा २. दूध

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए:** **2x1=2**

**५१)** १. शेष २. ठोस

**VI.अ)५३. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **5x1=5**

हमें कुछ-न-कुछ निरंतर सीखते रहना चाहिए, नई-नई सूचनाएँ प्राप्त करनी चाहिए । बौद्धिक विकास तो निरंतर चलता रहता है । शिक्षित व्यक्ति वही है जो जब तक जीता रहता है तब तक सीखता ही रहता है और कोई भी समय ऐसा नहीं ।जिसमें

उसने कुछ न सीखा हो। विग्यान तथा कला निरंतर विकसित हो रही हैं। अत: बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत गहन अध्ययन करना चाहिए। मनुष्य की सच्ची संपदा वही सच्चा ग्यान है जो उसने अपना लिया है। सीखे हुए ग्यान को न भाई बाँट सकते हैं न चोर चुरा सकता है। छात्रों को चाहिए कि पटरियों पर बिकनेवाली पत्र-पत्रिकाएँ छोडकर ग्यान-वर्धक वाली पुस्तकें पढे, महापुरुषों की जीवनियाँ पढे। यदि एक बार हमने पढने का अभ्यास डाल लिया तो हमारा जीवन ही बदल जायेगा।

प्रश्न:

१. किस व्यक्ति को शिक्षित कहा जा सकता है ?

२. बौद्धिक विकास के लिए गहन अध्ययन की क्यों आवश्यकता हैं ?

३. ग्यान को मनुष्य की सच्ची संपदा क्यों कहा गया हैं ?

४. विद्यार्थियों को किस प्रकार की पुस्तकें पढने की आदत डालनी चाहिए ?

५. उपर्युक्त गध्यांश को पढकर उचित शीर्षक लिखिए ।

आ) **५३. अपने मित्र को जन्म-दिवस पर निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए ।** **1x5=5**

**अथवा**

**नौकरी के लिए आवेदन पत्र लिखिए ।**

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5x1=5**

**५४. १. India is a rich cultured country.**

**2. Students should be obedient to their teachers.**

**3. Sumitranandan Pant was a lover of nature.**

**4. Kannada is our state Language.**

**5. Time lost is never regained.**

*******